**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**30.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

**अक्षय तृतीया**

आज अक्षय तृतीया का पर्व देश भर में मनया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्षय तृतीया के पर्व की देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि मानवता को समर्पित यह पावन पर्व सभी के लिए सफलता, संपन्नता और प्रसन्नता लेकर आए और विकसित भारत के संकल्प को नई शक्ति प्रदान करे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अक्षय तृतीया पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह शुभ अवसर लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए और मां लक्ष्मी की अनुकम्पा बनी रहे।

**गवई मुख्य न्यायाधीश नियुक्ति**

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति गवई को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 14 मई से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति गवई देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल अगले महीने की 13 तारीख को समाप्त हो रहा है।

**वेव्स 2025**

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन – वेव्स 2025 कल पहली मई से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। यह 4 दिवसीय कार्यक्रम श्रव्य– दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता–विक्रेता बैठकें, उभरते सृजनकर्ताओं के लिए अपनी सामग्री को प्रस्तुत करने और बढ़ावा देने के सत्र तथा कहानी सुनाने के नए जमाने के प्रारूपों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

**एनसीएमसी**

हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में अब यात्री यूपीआई, क्रेडिट व डेबिट कार्ड सहित नैशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड एनसीएमसी से भी टिकट राशि का भुगतान कर सकेंगे। यह कार्ड जहां देश के अन्य राज्यों में भी चलाया जा सकेगा वहीं इस कार्ड से यात्री पार्किंग फीस सहित शॉपिंग भी कर सकेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता––

वीओ–––

डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देते हुए कैशलैस सेवा को आसान बनाने के लिए एचआरटीसी की बसों में एनसीएमसी कार्ड की सुविधा शुरू की गई है। अब मैट्रो की तरह यात्री इस कार्ड का प्रयोग निगम की बसों में भी कर सकेंगे। यह कार्ड मुम्बई, दिल्ली में भी चलेगा, जिससे यात्रियों को बसों व मेट्रो में किराया देने के लिए कैश की जरूरत नहीं होगी। विशेष बात यह कि इस कार्ड को चलाने के लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं है और यह कार्ड सबसे अधिक वहां काम आएगा जहां इंटरनेट सेवा धीमी रहती है या इंटरनेट सुविधा ही नहीं है। निगम की बसों में चलने वाला यह एनसीएमसी कार्ड पहली बार मात्र 100 रुपए में बनेगा। इसके बाद व्यक्ति इसे अपने बैंक अकाउंट से रिचार्ज कर सकता है या फिर निगम के किसी भी बस काऊंटर में जाकर रिचार्ज करवा सकते हैं। कार्ड की वैधता 5 साल की होगी।

आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा।

**बाली**

राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि सरकार ने इस वर्ष एक लाख नए किसानों को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा है और प्राकृतिक खेती करने वाले सभी किसानों को हिम परिवार रजिस्टर से जोड़ा जाएगा। कांगड़ा में जन समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने कहा कि हिम गंगा योजना को प्रथम चरण में पायलट आधार पर हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में आरम्भ किया गया है और मिल्कफैड द्वारा मंडी, कुल्लू व शिमला जिलों में एक सौ 20 स्वचालित और 32 डिजिटल दूग्ध संग्रहण इकाइयां स्थापित की गई हैं।

**चार धाम यात्रा**

अक्षय तृतीया के अवसर पर आज उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत आज उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ होगी। पारंपरिक पूजा–अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे। चारधाम यात्रा के उद्‌घाटन समारोह का आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा।

**दुर्घटना**

चम्बा जिला के सलूणी उपमंडल के तहत चम्बा–लंगेरा मार्ग पर शिरवास के पास कल एक पिकअप जीप के दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलटने में 20 से अधिक लोग घायल हो गए। इस जीप में 35 लोग सवार थे जो शादी समारोह के लिए किहार से लंगेरा जा रहे थे। घायलों का नागरिक अस्पताल किहार जबकि गंभीर रूप से घायल हुए लोगों का मेडिकल कॉलेज चम्बा में उपचार चल रहा है। चंबा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...............</u>**

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी है।

**अमर उजाला की सुर्खी है**–आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र ने हिमाचल को दिए एक सौ सात करोड़ 15 लाख रूपए। **पंजाब केसरी का शीर्षक है** हिमाचल में लू की चेतावनी के बीच गिरा पारा–एक मई से बारिश के आसार।

**देश का पर्यावरण प्रहरी बना हिमाचल शीर्षक से दैनिक जागरण– लिखता है – एक रेटिंग ऐजेंसी द्वारा जारी रेंकिंग में अन्य राज्यों के लिए हिमाचल बना उदाहरण।** कांग्रेस में संगठनात्मक समीकरणों पर **दैनिक भास्कर की सुर्खी है–अब भी नहीं बनी कार्यकारिणी–** प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल दो बार आ चुकी है हिमाचल। **इसी खबर पर दिव्य हिमाचल का शीर्षक है** मुख्यमंत्री सुक्खू से मिले कांग्रेस नेता आनंद शर्मा–प्रदेश के राजनीतिक हालात पर चर्चा।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।**